श्री खाटू श्याम प्रकटोत्सव पर मां बगलामुखी मंदिर साकेत में हुआ हवन व भंडारे का आयोजन

-आज समाचार सेवा-

मेरठ। गुरुवार को मां बगलामुखी धाम यज्ञशाला श्री दक्षिणेश्वरी काली पीठ प्राचीन वन खंडेश्वर महादेव शिव मंदिर कैलाश प्रकाश स्टेडियम चौराहा साकेत मेरठ मंदिर में भगवान श्री खाटू श्याम प्रकटोत्सव पर हवन पूजन व भंडारे में आए श्याम भक्तों ने हाजरी लगाई। मान्यता है कि द्वापर युग में श्री कृष्ण के मांगने पर बालक बर्बरीक ने इसी दिन अपने शीश का दान किया था। आचार्य प्रदीप गोस्वामी जी बताते है कि फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को भगवान श्री खाटू श्याम प्रकटोत्सव दिवस व गोविन्द द्वादशी के नाम से मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार मान्यता है कि द्वापर युग में श्री कृष्ण के मांगने पर बालक बर्बरीक ने इसी दिन अपने शीश का दान किया था। महाबली भीम के पुत्र घटोत्कच और दैत्यराज मूर की पुत्री मौरवी (कामकंटकटा) के अति बलशाली पुत्र बर्बरीक हुए। बर्बरीक को खाटूश्याम, श्याम सरकार, सूर्यावर्चा, शीश के दानी, तीन बाण धारी जैसे नामों से जाना जाता है। एक बार परम तेजस्वी बर्बरीक ने श्री कृष्ण से पूछा-%%हे प्रभु! इस जीवन का सर्वोत्तम उपयोग क्या है?%% श्री कृष्ण बोले-%%हे पुत्र! परोपकार व निर्बल का सहारा बनकर सदैव धर्म का साथ देते रहना ही जीवन का सर्वोत्तम उपयोग है। इसके लिए तुम्हें बल और शक्तियां अर्जित करनी पड़ेंगी। अत: तुम महिसागर क्षेत्र में नवदुर्गा की आराधना कर शक्तियां अर्जित करो।%% बर्बरीक ने तीन वर्ष तक कठोर तपस्या कर माँ दुर्गा को प्रसन्न किया। देवी ने बर्बरीक को तीन बाण और कई शक्तियां प्रदान की जिनसे तीनों लोकों को जीता जा सकता था। उन्होंने बताया कि जब बर्बरीक को महाभारत का युद्ध देखने की इच्छा हुई। जब वे अपनी माँ से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे, तब माँ को हारे हुए पक्ष का साथ देने का वचन देकर युद्ध भूमि की तरफ प्रस्थान कर गए। भगवान श्री कृष्ण युद्ध जोकि युद्ध का अंत जानते थे, इसलिए उन्होंने सोचा कि अगर कौरवों को हारता देख बर्बरीक कौरवों का साथ देने लगे तो पांडवों की हार निश्चित है। इसलिए लीलाधर ने ब्राह्मण का वेष धारण कर चालाकी से बालक बर्बरीक का शीश दान में मांग लिया। बर्बरीक को आश्चर्य हुआ कि कोई ब्राह्मण उनका शीश क्यों मांगेगा ऐसा सोचकर उन्होंने ब्राह्मण से उनके वास्तविक रूप में दर्शन की इच्छा व्यक्त की। श्री कृष्ण ने उन्हें अपने विराट रूप के दर्शन कराए। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वे अंत तक युद्ध देखना चाहते हैं। श्री कृष्ण ने बर्बरीक की यह बात स्वीकार कर ली और उनका सिर सुदर्शन चक्र से अलग कर दिया। शीश काटने के बाद माँ चंडिका देवी ने वीर बर्बरीक के शीश को अमृत से सींचकर देवत्व प्रदान किया। तब इस नवीन जाग्रत शीश से श्री कृष्ण बोले -%%हे वत्स! जब तक पृथ्वी, नक्षत्र और सूर्य-चन्द्रमा हैं, तब तक तुम सब लोगों के लिए पूज्यनीय हो जाओगे। इस तरह उनका शीश युद्ध भूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहाँ से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायज़ा ले सकते थे। श्री कृष्ण ने युद्ध की समाप्ति के बाद बर्बरीक के शीश को पुन: प्रणाम करते हुए कहा -%%हे वीर बर्बरीक! आप कलयुग में मेरे नाम से सर्वत्र पूजित होकर अपने भक्तों के अभीष्ट कार्यों को पूर्ण करोगे। भगवान श्री खाटू श्याम प्रकटोत्सव पर मंदिर में हुए हवन पूजन व भंडारे के अवसर पर आचार्य प्रदीप गोस्वामी, श्रीमती आशा गोस्वामी, कामेश शर्मा, नरेश कुमार, गोपाल भया जी, विपुल सिंघल, हिमांशु वर्मा, पत्रकार धर्मेंद्र कुमार, वैभव सिंघल, आदि मौजूद रहे।

स्वीप कार्यक्रम के द्वारा बढाये मतदान प्रतिशत: मुख्य विकास अधिकारी

-आज समाचार सेवा-

हापुड़। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ को टारगेट करके माइक्रो प्लानिंग के तहत मतदान प्रतिशत बढाने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने विकास भवन सभागार में दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कूड़ा गाड़ी में स्वीप संबंधी ऑडियो को चलाया जाए जिसके अंतर्गत चुनाव तिथि को मतदान हेतु प्रेरित किया जाए उन्होने कहा की यह ऑडियो स्थानीय भाषा में भी प्रेषित किया जाये। इसके अलावा जिला पूर्ति अधिकारी मतदान मे जनसहभागिता बढ़ाने के लिए पेट्रोल पंप तथा कोटेदारों की दुकानों पर मतदाता जागरूकता हेतु कार्यक्रम करें। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिया काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाए तथा वन स्टॉप सेंटर से डाटाबेस इकट्ठा करके सभी को मतदान करने हेतु मैसेज भेजा जाए। नेहरू युवा केंद्र के सभी स्वयंसेवकों को स्वीप के लिये भागीदार बनाया जाए। सीडीओ ने कहा की जनपद के प्रथम मतदाताओं को पोस्ट कार्ड भेजकर मतदान हेतु प्रेरित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने सहकारिता विभाग के तहत सहकारी आवास समिति के कार्यालय पर सेल्फी स्टैंड, टेलीविजन पर प्रसारण, इफको तथा कृभको में जागरूकता कार्यक्रम, स्टैंडी तथा फ्लेक्सी लगवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी नगरपालिका में सेल्फी बूथ तथा पिंक बूथ बनाकर के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होने कहा की जनपद के आईटीआई कॉलेज के बच्चों के बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम तथा प्रत्येक आईटीआई में बैनर के माध्यम से मतदान हेतु जागरूक किया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि सभी पॉलिटेक्निक आसपास के गांव में प्रभात फेरी, भाषण, व्याख्यान, निबंध तथा चित्रकला की प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेंगे इसके अलावा स्काउट गाइड के छात्र नुक्कड़ नाटक, रैली एवं स्वयंसेवक के रूप में प्रतिभाग करते हुए मानव श्रृंखला बनाकर के मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। सीडीओ ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका से जारी किए जाने वाले टैक्सों के बिल पर तथा स्वास्थ्य विभाग के ओपीडी पर्चे के ऊपर मतदाता जागरूकता के मोहर लगा करके मतदान के लिए प्रेरित करे। इसके अलावा कम मतदान केंद की मैपिंग करके संबंधित क्षेत्र के डिग्री कॉलेज के माध्यम से संबंधित गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

250 ग्राम चरस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

रामपुर। थाना सि0ला0 पुलिस द्वारा दौराने चैकिंग अभियुक्त फिरोज पुत्र सन्नू नि0 ग्राम0 बगी थाना गंज रामपुर को 250 ग्राम चरस के साथ काशीराम कालोनी गेट से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई । जिसके सम्बन्ध में थाना सि0ला0 पर मु0अ0सं0 154/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया ।

एक अदद नाजायज तमंचा 12 बोर एवं 01 अदद कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

रामपुर। थाना पटवाई रामपुर पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त पूरन पुत्र झम्मन नि0 ग्राम सैदपुर जनूबी थाना पटवाई जनपद रामपुर को एक अदद तमन्चा देशी 12 वोर व एक अदद कारतूस जिन्दा 12 वोर के साथ सैदपुर जनूबी तिराहे से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई । जिसके सम्बन्ध में थाना पटवाई पर मु0अ0स0 80/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया ।

एक तमंचे के साथ गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

रामपुर। थाना खजुरिया पुलिस द्वारा एक अभियुक्त रफी खान पुत्र रहीस अहमद खान निवासी मलकी थाना खजुरिया जिला रामपुर को दलकी रम्पुरा बुजुर्ग मार्ग से मझार के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई । जिसके सम्बन्ध मे थाना खजुरिया पर मु0अ0सं0 50/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया ।

एक वांरटी गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

रामपुर। थाना खजुरिया पुलिस द्वारा एक नफर वारंटी रामगोपाल पुत्र ननकी प्रसाद निवासी करसौली थाना खजुरिया रामपुर , सम्बन्धित केस न0 82/15 क्राइम न0 228/14 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट को उसके घर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

रामपुर। थाना शहजादनगर पुलिस द्वारा एक नफर अभि0 सत्यप्रकाश पुत्र भूकन लाल निवासी ग्राम सईदनगर, थाना शहजादनगर जिला रामपुर को सईदनगर को जाने वाले रेलवे लाईन के किनारे कच्चे रास्ते के मोड से लगभग 40 कदम की दूरी से मय एक अदद नाजायज तंमचा 12 वोर मय दो अदद जिन्दा कार0 12 बोर के गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई । जिसके सम्बन्ध मे थाना शहजादनगर पर मु0अ0स0 72/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया ।

230 लीटर शराबखाम नाजायज व शराब बनाने के उपकरणों के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

रामपुर। थाना बिलासपुर, रामपुर पुलिस द्वारा दो नफर अभियुक्त 1.अंग्रेज सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी ग्राम डिबडिबा थाना बिलासपुर जनपद रामपुर हॉल निवासी अमरपुर थाना रूद्रपुर जनपद ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड), 2.करन सिंह पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम अमरपुर थाना रूद्रपुर जनपद ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) को कृष्णा नगर मानपुर ओझा कूडाघर के पास नदी / नाले के किनारे वृहद जंगल ग्रा0 मानपुर ओझा से शराब बनाने के उपकरण भटटी दो ड्रम, प्लास्टिक मग, रबड़ के काले रंग के दो पाईप, दो सफेद रंग की धातु के आयताकार पाईप व तीन जरीकैनो मे 150 लीटर व दो जरीकैनो में 40-40 लीटर कुल पांच कैनो मे 230 लीटर शराब नाजायज के गिरफ्तार किया गया । जिस सम्बन्ध में थाना बिलासपुर पर मु0अ0स0 96/2024 धारा 60(1) ,60(2) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी ।

20 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

रामपुर। थाना सि0ला0 पुलिस द्वारा दौराने चैकिंग अभियुक्त शिवम पुत्र महेन्द्र सैनी नि0 गंगापुर आवास विकास थाना सि0ला0 रामपुर को 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ पालिटेक्निक तिराहे से गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई । जिसके सम्बन्ध में थाना सि0ला0 पर मु0अ0सं0 153/24 धारा 60आबकारी एक्ट पंजीकृत किया गया ।

एक चाकू के साथ एक अभियुक्त को पुलिय ने किया गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

रामपुर। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 01 नफर अभि0 अतीक उर्फ आतिफ इलाही पुत्र रिहान इलाही नि0 मौ0 चरख वाली मस्जिद थाना कोतवाली रामपुर को एक अदद चाकू नाजायज के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली में मु0अ0स0-75/24 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया ।

20 लीटर नाजायज शराब के साथ गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

रामपुर। थाना बिलासपुर, रामपुर पुलिस द्वारा राहुल पुत्र फत्तूराम नि0 मौहल्ला लक्ष्मीनगर कस्बा व थाना बिलासपुर जनपद रामपुर को 20 लीटर नाजायज शराब के साथ खौदलपुर ग्राम के कच्चे रोड से गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना बिलासपुर पर मु0अ0सं0 97/2024 धारा 60(1) श्वङ्क्ष्ट्ज्ञ पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

सर्वसम्मति से डॉ0 अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष बने सतेन्द्र प्रताप सिंह

-आज समाचार सेवा-

गढ़मुक्तेश्वर। गढ़ नगर में डॉ0 अम्बेड़कर जन्मोत्सव समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पिछली जयंती के आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। जिसके बाद बैठक में मौजूद लोगों ने सर्वसम्मति से सतेन्द्र प्रताप सिंह को आगामी जयंती के लिए अध्यक्ष चुना। गुरुवार को रविदास चौक स्थित अम्बेड़कर भवन में जन्मोत्सव समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सभासद राकेश कुमार व संचालन मिलिन एड़वोकेट ने किया। बैठक में निवर्तमान समिति ने आय व्यय का पूरा ब्यौरा लोगों के सामने पेश किया। जिसके बाद बैठक में मौजूद लोगों ने अध्यक्ष पद पर सतेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह उर्फ बंटी, उपाध्यक्ष मिलिन एड़वोकेट, सचिव सतेन्द्र सागर, कोषाध्यक्ष मोहित जाटव, सहसचिव रविकान्त, प्रचारमंत्री राकेश मैम्बर को चुना गया। जिसके बाद लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विनोद चन्द्रा, प्रवीन, देवकान्त, विनय सागर, आकाश प्रताप, सोहनपाल, गोपाल बौद्ध, दीपेन्द्र, नीरज जाटव, डॉ0 राजेन्द्र, बोबी आजाद, मंजीत, जौनी, विक्की, पप्पल, अक्कू आदि मौजूद रहे।

एमआईईटी स्कूल में प्राइमरी के बच्चों ने धूमधाम से मनाया ग्रेजुएशन डे

-आज समाचार सेवा-

मोदीपुरम। पल्लवपुरम फेज 2 स्थित एमआईईटी पब्लिक स्कूल में प्राइमरी के बच्चों के साथ ग्रेजुएशन डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन विष्णु सरन,स्कूल निदेशक अजय बंसल,प्रधानाचार्य नवनीत चड्ढा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। यह कार्यक्रम प्राइमरी के नन्हें बच्चों के कक्षा 1 में प्रमोशन के उपलक्ष्य में किया गया। तत्पश्चात, नन्हें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। बच्चों को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तर्ज पर तैयार कर डिग्रियां प्रदान की गईं। वीर द्वारा एक सुन्दर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। शिशु वर्ग द्वारा स्वागत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य नवनीत चड्ढा ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों को उनके भविष्य में होने वाली तमाम अनुभूतियों का पूर्वाभ्यास कराने के लिए किया जाता है। स्कूल निदेशक अजय बंसल ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए अभी से ही बच्चों में संस्कार विकसित करना जरुरी है। तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकता है। इस दौरान विद्यालय कोऑर्डिनेटर स्वाति शर्मा, अनन्या मजूमदार,मीडिया हेड अजय चौधरी,मानस,रोहित का विशेष योगदान रहा।

धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग सम्पन्न

-आज समाचार सेवा-

रामपुर। जिलाधिकारी, रामपुर एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा आगामी होलिका दहन, होलिकोत्सव, ईद-उल-फितर, रमजान आदि मुख्य पर्व/त्यौहार एवं लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना टाण्डा परिसर में क्षेत्र के धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त/गणमान्य व्यक्तियों एवं पीस कमेटी के सदस्यों के साथ मीटिंग का आयोजन कर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

ICICI Home Finance
कारपोरेट कार्यालय:-आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालय:-307/1, प्रथम तल, बिश्रोई टॉवर, मंगल पाण्डेय नगर, अपैक्स टावर के सामने मेरठ-250004

(देखें-नियम-8(6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समैण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समैण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट-2002 के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सहकर्जदारों/गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतिव सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	मंजू शर्मा (कर्जदार) अक्षय शर्मा (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHMRT00001342169 & LHMRT00001341756	राजस्व गांव अम्हेरा आदिपुर परगना और तहसील जिला मेरठ में शिव लोक कॉलोनी में स्थित खसरा नंबर 480 वाला एक आवासीय घर	रू. 20,60,389/- 19 मार्च 2024	रू. 15,08,725/- रू. 1,50,880/-	15 अप्रैल 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	23 अप्रैल 2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** के वेबसाइट **(URL Link-/https://BestAuctionDeal.com)** हमारी एक्शन एजेंसी टाइगर पर संचालित की जायेगी/ बंधक कर्ताओं को **22 अप्रैल,2024** तथा **अपरान्ह-5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।
अपेक्षित बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड 307/1, प्रथम तल, बिश्रोई टॉवर, मंगल पाण्डेय नगर, अपैक्स टावर के सामने मेरठ-250004 पर 22 अप्रैल,2024** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 04.00** बजे के पूर्व अवश्य जमा कर देवे/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई.सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड 307/1, प्रथम तल, बिश्रोई टॉवर, मंगल पाण्डेय नगर, अपैक्स टावर के सामने मेरठ-250004 पर 22 अप्रैल,2024** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-आक्शन** के पक्ष में **मेरठ** में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-** स्थान **मेरठ** के नाम होना चाहिये।
निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्ते अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **9920807300** या हमारे **सेल्स और मार्केटिंग हिस्सेदार नैक्जैन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड** से सम्पर्क किया जा सकता है।
अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तो हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांक: मार्च 22, 2024 **अधिकृत अधिकारी**
स्थान: मेरठ **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड**

एमआईटी में 3.23 लाख वार्षिक पैकेज पर बीसीए के 7 छात्रों का चयन

-आज समाचार सेवा-

मेरठ। परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस दौरान पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने वर्ष 2024 में पास आउट होने वाले बीसीए के 7 और एमबीए के 2 छात्रों का फाइनल चयन किया। प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर सोनल मिश्रा ने बताया कि पहले राउंड में 40 छात्रों का ऑनलाइन रिटर्न टेस्ट किया गया, दूसरे राउंड में 26 छात्रों का समूह चर्चा के आधार पर चयन किया गया और अंत में अंतिम राउंड में ऑनलाइन तकनीकी साक्षात्कार के माध्यम से 9 छात्रों का चयन किया गया। कंपनी से प्रियंका भाटिया (प्रतिभा अधिग्रहण) ने अपने सहयोगी टीम के साथ साक्षात्कार के द्वारा छात्रों की प्रतिभा का परीक्षण किया। कंपनी ने 3.23 लाख वार्षिक पैकेज पर बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव पद के लिए छात्रों का चयन किया। इस दौरान चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, महानिदेशक डॉ आलोक चौहान, निदेशक डॉ सोमेंद्र शुक्ला, प्रिंसिपल डॉ हिमांशु शर्मा,प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर सोनल मिश्रा ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

दो अदद नाजायज तमन्चा 12 बोर मय 04 जिन्दा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

रामपुर। थाना अजीमनगर रामपुर पुलिस द्वारा रिजवान पुत्र अब्दुल वाहिद निवासी ग्राम ढौंकपुरी टाण्डा थाना अजीमनगर जनपद रामपुर को एक अदद नाजायज तमन्चा 12 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ ग्राम मेहंदी नगर शुमाली को जाने वाले तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना अजीमनगर पर मु0अ0सं0 77/2024 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

वहीं दूसरी ओर थाना अजीमनगर रामपुर पुलिस द्वारा जुनैद पुत्र अब्दुल वहीद नि0 ग्राम खेड़ा टाण्डा थाना अजीमनगर जनपद रामपुर को एक अदद नाजायज तमन्चा 12 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ ग्राम दौकपुरी से मंसूरपुर को जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना अजीमनगर पर मु0अ0सं0 76/2024 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

दो जरीकैनो में 20-20 ली0 शराबखाम के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

रामपुर। थाना पटवाई, रामपुर पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त सूरज पाल पुत्र सोहनलाल निवासी ग्राम पटरिया का मझरा थाना पटवाई जनपद रामपुर को ग्राम नरखेडी की पुलिया के पास से दो जरीकैनो में 20 ङ्क्ष20 ली0 शराब खाम नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध में थाना पटवाई पर मु0अ0सं0 78/2024 धारा 60(1) आबकारी एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

वहीं दूसरी ओर थाना पटवाई, रामपुर पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त धीरज रस्तौगी पुत्र राकेश रस्तौगी निवासी ग्राम पटवाई थाना पटवाई जनपद रामपुर को पटवाई जौलपुर रोड पर बन्द पडे भट्टे से एक जरीकैनो में 20 ली0 नाजायज शराबखाम के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध में थाना पटवाई पर मु0अ0सं0 79/2024 धारा 60(1) आबकारी एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।